अमृत विचार

| बरेली महानगर |

बरेली , रविवार, 14 दिसंबर 2025



# बंगाल पर जीत दर्ज करने को यूपी की टीम ने किया अभ्यास

## मैच जीतने पर यूपी के सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की संभावना, हेड कोच और मैनेजर ने जताया जीत का भरोसा, देर रात पहुंची बंगाल की टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी के तहत 16 से 19 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच मैच होगा। यूपी की टीम शुक्रवार देर रात शहर पहुंची और टीम ने शनिवार को आराम करने के बजाय सुबह से मैदान में पसीना बहाया। वहीं बंगाल की टीम शनिवार देर रात शहर पहुंची। टीम का कोच अनुज शर्मा और नितिन रस्तोगी ने स्वागत किया। रविवार को दोनों टीमें अभ्यास करेंगी।



देर रात पहुंची बंगाल की टीम का हुआ स्वागत। • अमृत विचार

एसआरएमएस स्टेडियम पर प्रतियोगिता के मैच के लिए तैयारियां भी जोरों पर हो रही हैं। यूपी की टीम ने हेड कोच ध्रुव सिंह की निगरानी में शनिवार को अभ्यास किया। टीम ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण सभी क्षेत्रों में अभ्यास किया। रविवार को यूपी की टीम अभ्यास दोपहर डेढ़ बजे से और सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे से करेगी। वहीं, बंगाल की टीम रविवार को अभ्यास दोपहर ढाई बजे से और सोमवार को सुबह साढ़े 11 बजे से अभ्यास करेगी। वहीं बीसीसीआई से पिच क्यूरेटर शिव कुमार ने बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ ग्राउंड की पिच की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बरेली के पिच क्यूरेटर मुहम्मद यूसुफ और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ संयुक्त सचिव ओपी कोहली मौजूद रहे।

### पूल में 19 प्वाइंट्स हैं यूपी की टीम के



यूपी के हेड कोच ध्रुव सिंह ने बताया कि हमारी टीम की स्थिति अभी पूल में 19 प्वाइंट्स के साथ काफी अच्छी है। बंगाल से मैच जीतने पर हम सीधे क्वार्टर फाइनल में भी जगह बना सकते हैं। अभी हमारा और हमारी टीम का पूरा ध्यान मैच जीतने पर है। टीम के सभी खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं। हमारे तेज गेंदबाज अयान ने टूर्नामेंट में 24 विकेट लिए हैं। कप्तान भव्य गोयल भी अच्छी बैटिंग कर रहे हैं। सभी खिलाड़ी अच्छी फार्म में हैं। टीम के खिलाड़ी अपने स्कोर को 80 तक पहुंचा रहे हैं। हमारी कोशिश होगी कि खिलाड़ी इसे 100 में बदलने की कोशिश करें। ऐसा होने पर टीम की जीत निश्चित है। शनिवार को हमने पहले दिन अभ्यास किया। विकेट अच्छा है और तेज गेंदबाज को मदद मिलने की संभावना है। टीम ने 3 से 4 मैच अच्छी स्थिति में जीते हैं। बंगाल के लिए हम रणनीति के साथ मैदान पर उतरेंगे।

### बरेली का ग्राउंड है अच्छा सुविधाएं भी



यूपी के टीम मैनेजर विनय कुमार ने बताया कि हमारी यही कोशिश रहेगी कि मैच से पहले हमारे अच्छे अभ्यास सत्र हों। हमें अभ्यास सत्र में जिन बिंदु पर काम करना था, उसे पहले सत्र में किया। पहले दिन का अभ्यास सत्र काफी अच्छा रहा। अभी दो दिन और हैं इसमें भी हमारा लक्ष्य है कि अच्छे अभ्यास सत्र हों और मैच में उसको हम एप्लीकेबल कर सकें। हम टीम मीटिंग में भी मैच को लेकर प्लान करेंगे। हमारे पास अच्छे खिलाड़ी हैं, जो मैच की दशा के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं। बरेली का ग्राउंड काफी अच्छा है और सभी सुविधा से भरपूर है। अभी दो दिन और अभ्यास के लिए हमारे पास हैं। हमारे खिलाड़ी इसका भरपूर फायदा उठाएंगे।

### मैच से पहले बनाएंगे रणनीति



यूपी टीम के कप्तान भव्य गोयल का कहना है कि हमें यहां कंडीशन का फायदा मिलेगा। हमारी पूरी टीम मैच को लेकर उत्साह में है। मैच से पहले हम अपनी रणनीति बनाएंगे। हम मैच से तीन दिन पहले आये हैं। इसलिए हमें ज्यादा अभ्यास सत्र मिलेंगे, जिसका फायदा हमें मैच में मिलेगा। पिच किस तरह खेलेगी, इसको देखते हुए ही हम अपनी एकादश का चयन करेंगे। पिच को देखते हुए लग रहा कि तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। मैच में हम अपनी पूरी ताकत के साथ उतरेंगे। सभी खिलाड़ी मैच के लिए अपना 100 प्रतिशत देने के लिए तैयार हैं।